
















# योगी सरकार में प्रदेश का अभूतपूर्व विकासः मलिक

## प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने अभूतपूर्व विकास किया है जबकि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां नौ दिवसीय विकास मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं और उत्पादों की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को किट, प्रमाण पत्र और आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाखों रुपये के चेक वितरित किए गए। प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। सड़क,



बिजली, परिवहन और एयरपोर्ट जैसी आधारभूत सुविधाओं में तेजी से सुधार हुआ है। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा-वृंदावन जैसे धार्मिक स्थलों के विकास से पर्यटन को नई दिशा मिली है और प्रदेश की पहचान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुई है। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए ऋणमाफी, गन्ना भुगतान, फसल खरीद और बिजली जैसी सुविधाओं में सुधार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में कायाकल्प, नकलविहीन परीक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से आमजन को सीधा लाभ मिला है। साथ ही एक्सप्रेस-वे, हवाई अड्डों और औद्योगिक निवेश से प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनपद में पिछले 9 वर्षों में हुए विकास कार्यों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लाखों लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, एसपी अमित कुमार आनन्द, ब्लाक प्रमुख श्रीमती मीनाक्षी चौधरी, गुरिन्दर सिंह ढिल्लो, राजेन्द्र खड़गवंशी, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी, अभिनव कौशिक आदि मौजूद रहे।

# घर में नकब लगाकर लाखों की नकदी व आभूषण चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय में चोरों ने रात के अंधेरे में घर में नकब लगाकर लाखों रुपये की नकदी, जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सहरी के समय हुई, जिसके बाद पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय की है। यहां पर अनवार अहमद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी नाजमा, तीन बेटे नईम, जुनैद व समीर के अलावा दो बेटी सायबा व शबनम हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे नईम की भी शादी हो गई थी लेकिन छह महीना पहले उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी। नईम व समीर केरल में सैलून चलाते हैं तो जुनैद दिल्ली में सैलून चलाता है। पत्नी की मौत के बाद नईम के बच्चों की देखभाल के लिए उसकी छोटी बहन सायबा घर में रहती है। 14 अप्रैल को बेटे जुनैद की शादी है, इसे लेकर परिवार में तैयारियां चल रही हैं। वहीं, अनवार अहमद का घर गांव में बाहर की तरफ है। घर पर अनवार, पत्नी नाजमा, बेटी सायबा तथा नईम के चार बच्चे हैं। सोमवार रात सभी लोग घर के बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर नकब लगा कर घर में दाखिल हो गए। यहां से 20 हजार रुपये की नकदी, सोना-चांदी के जेवरात, कीमती कपड़े चोरी कर ले गए। तड़के में सहरी के समय जब परिजन सोकर उठे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। उन्होंने फौरन शोर मचा दिया। आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। सूचना पाकर पुलिस भी रात ही पहुंच गई थी। फोरेंसिक टीम ने मंगलवार सुबह घटना स्थल पर जाकर जांच की। गृहस्वामी ने बताया कि चोर उनके घर से नकदी समेत लगभग 8 से 10 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# संदिग्ध हालत में फांसी पर झूलता मिला महिला का शव

## हत्या का आरोप लगाते परिजनों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** देहात थाना क्षेत्र के गांव मिलक पापड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, जबकि पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मिलक पापड़ी की है। यहां पर गुलाम साबिर का परिवार रहता है। दो साल पूर्व उनके तीसरे बेटे शकील की शादी मुरादाबाद के सिविल लाइन थानाक्षेत्र के गांव अगवानपुर निवासी कय्यूम की बेटी महनाज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में महनाज को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। शादी से दस दिन पहले भी दहेज में बुलेट की मांग को लेकर विवाद हुआ था। तब पुलिस के दखल से मामला निपटा था, इसके बाद शादी संपन्न हुई थी।अब मंगलवार देर शाम महनाज का शव उसी के कमरे में फंदे पर लटका मिला। पति शकील ने ससुराल में कॉल कर बताया कि महनाज ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना मिलने पर मायके वाले गांव आ गए तथा दहेज के खातिर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव फंदे पर लटकाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई तथा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतका की मां सायरा बानों की तहरीर पर पुलिस पति शकील, ससुर गुलाम साबिर, सास नफीसा, ननद सज्जो, देवर तारीक, जेठ साजिद व गुल्लन तथा जेठानी रुकैया व शमा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**■ पति समेत नौ ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज**



## गलत भाषा का प्रयोग करने पर काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पहचान पत्र बनाने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाते हुए भीड़ हंगामा काट दिया। बुधवार को ग्रीन सिटी कॉलोनी में स्थित डाकखाने पर पहचान पत्र बनाने के नाम पर कर्मचारिबद्वारा पैसा मांगे जाने का आरोप लगाते हुए भीड़ ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। हंगामा काटने वालों का कहना था कि कर्मचारी पहचान पत्र बनवाने के लिए आने वाले लोगों से गलत भाषा का प्रयोग कर रहा है। पोस्टमास्टर ने बताया कि कुछ लोग पहचान पत्र बनवाने के लिए आने वाले लोगों से बातचीत कर उनके साथ डाकखाने के भीतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी ने गलत भाषा का प्रयोग किया है तो उसकी जांच की जायेगी।

## जनरेटर न होने से एक्स-रे सेवा ठप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ढवारसी।** सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन होने के बावजूद बिजली कटौती और जनरेटर की कमी से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ढवारसी सीएचसी में सप्ताह में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को एक्स-रे होते हैं, लेकिन बिजली न होने पर सेवा बाधित हो जाती है। इससे मरीजों को कई दिन चक्कर लगाने पड़ते हैं या निजी क्लीनिकों में महंगा इलाज कराना पड़ता है। सोमवार को मरीजों ने जनरेटर की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. इमरान ने बताया कि जनरेटर के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है, जबकि सीएमओ डॉ. योगेंद्र सिंह ने मांग मिलने पर व्यवस्था कराने की बात कही है।

# चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## तिगरी एवं ब्रजघाट दोनों ही स्थानों पर रही भीड़, हर हर गंगे से गूंजे तट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चैत्र माह की अमावस्या पर तिगरी व ब्रजघाट में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया और सुख व स्मृद्धि की प्रार्थना की। दोपहर तक स्नान का सिलसिला चलता रहा। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस तैनात रही।



बुधवार को चैत्र माह अमावस्या के चलते तीर्थ नगरी ब्रजघाट में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। साथ ही श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर देवी देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन किये और पूजा अर्चना कर विश्व शान्ति की कामना की तो वहीं गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर हवन-यज्ञ कराया। निर्बल और निर्धनों को नकद धनराशि का दान दिया। सुबह के समय पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा की भव्य आरती में भी भाग लिया। मौसम काफी गर्म होने के कारण श्रद्धालुओं ने गंगा के शीतल जल में काफी काफी देर तक स्नान किया। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिगरी में भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। इस दौरान यहां पर भी काफी भीड़ रही। आसपास के गांवो के लोग ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर स्नान करने के लिए यहां पहुंचे। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी जायजा लिया। बुधबाजार निवासी पं0 दयानंद शर्मा ने बताया कि चैत्र अमावस्या का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है। पुराणों के अनुसार अमावस्या के दिन पूजा अर्चना व गंगा स्नान करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। इस दिन पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पितरों को जल अर्पित करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और वे अपने वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। पौराणिक मान्यता है कि पितरों की कृपा से घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा और उल्लास का वास होता है।

# नकली देसी घी बनाने के तीन दोषियों को सात-सात साल की सजा

## 21 साल बाद आया कोर्ट का फैसला, दोषियों पर एक-एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** गजरौला में वर्ष 2005 में पकड़े गए नकली देसी घी बनाने के मामले में अदालत ने 21 साल बाद बड़ा फैसला सुनाया है। बुधवार को सुनवाई पूरी करते हुए कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा और एक-एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया।

मामला 19 अक्तूबर 2005 का है। गजरौला पुलिस ने नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में एक मकान में नकली देसी घी तैयार किए जाने का भंडाफोड़ किया था। मुखबिर की सूचना पर खाद्य विभाग की टीम के साथ मारे गए छापे में पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। घर के भीतर से वनस्पति तेल और केमिकल (बटर फ्लेवर) बरामद हुआ था जिससे नकली देसी घी तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से करीब 18 किलो वनस्पति तेल, चार किलो तैयार नकली घी, केमिकल से भरी बोतल, स्टोव, डिब्बे और अन्य उपकरण बरामद किए थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शाकिर व आरिफ निवासी हरौड़ा थाना सिंभावली जिला गाजियाबाद और जाकिर निवासी लक्ष्मीनगर थाना गजरौला बताया था। तीनों के पास देसी घी बनाने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी व खाद्य अपमिश्रण अधिनियम समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल तीनों जमानत पर थे। साक्ष्यों के साथ पुलिस ने तीनों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। 21 साल चली सुनवाई के बाद बुधवार को अदालत में इस मामले में अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर शाकिर, आरिफ और जाकिर को दोषी करार दिया। तीनों को सात-सात साल जेल की सजा सुनाई तथा एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# ब्लू बड्र्स में बच्चों ने जमकर की मस्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेड 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए ईयर-एंड फन फिएस्टा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए दिनभर खेल, मस्ती और रचनात्मक गतिविधियों का आनंद उठाया।



कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जहां बच्चों ने विभिन्न खेलों, मनोरंजक गतिविधियों और समूह आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान स्कूल परिसर हंसी, खिलखिलाहट और बच्चों की चहक से गूंजता रहा। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। फन फिएस्टा के दौरान बच्चों के लिए कई तरह के गेम्स, एक्टिविटीज और इंटरैक्टिव सेशन्स आयोजित किए गए, जिससे उन्होंने न केवल मनोरंजन किया बल्कि आपसी सहयोग और टीम भावना भी सीखी। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए हर गतिविधि में उनका मार्गदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम बच्चों को तनावमुक्त करते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने पूरे साल की खूबसूरत यादों को संजोते हुए सत्र को खुशी-खुशी अलविदा कहा। यह आयोजन नन्हे छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे।

# वाउचर व सिलेंडर लेने को घंटों करना पड़ा इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण प्रभावित हुई एलपीजी गैस की आपूर्ति के कारण कई दिन से गैस एजेंसियों और गैस ऑफिसों पर उपभोक्ताओं की लाइन लग रही है।

**■ दफ्तर और गोदाम खुलने से पहले ही लग जाती है लाइन**



पहले उपभोक्ता गैस ऑफिस पर वाउचर लेने को तो वहीं दूसरी ओर गैस गोदामों पर सिलेंडर लेने को लाइन लगा रहे हैं। दिहाड़ी मजदूर और कामकाजी लोगों को सिलेंडर भरवाने के लिए डयूटी तक छोड़नी पड़ रही है। उपभोक्ताओं की मांग है कि वाउचर के स्थान पर एजेंसी संचालक यह निर्धारित कर दें कि बुकिंग के इतने दिन बाद सिलेंडर मिल जाएगा जिससे लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन लगा लें। अब पहले उपभोक्ता को वाउचर लेने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ रही है तो वहीं फिर सिलेंडर लेने के लिए गोदामों पर लाइन लगानी पड़ रही है। दो तरफा लाइनों में लगकर उपभोक्ता का काफी समय व्यय हो रहा है। दिहाड़ी मजदूर और कामकाजी लोगों को गैस सिलेंडर भरवाने के लिए मजदूरी और डयूटी तक छोड़नी पड़ रही है। महिलाएं भी अपने घर का काम काज जल्दी निबटाकर सुबह ही लाइन में लग जाती हैं। कई दिन से यही सिलसिला चला आ रहा है।

## भक्ति व उल्लास के साथ निकाली ज्वाला जी की ज्योत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के आगमन से पूर्व बुधवार को नगर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हिमाचल प्रदेश के विश्वप्रसिद्ध शक्तिपीठ ज्वाला जी से लाई गई 27वीं अखंड ज्योत को बैंड-बाजे और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ चामुंडा मंदिर में स्थापित किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के ब्लॉक परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर से हुआ। यहाँ से अखंड ज्योत को एक सुसज्जित रथ में रखकर धूमधाम से निकाला गया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी पूरा वातावरण श्जय माता दी के जयकारों से गूँज उठा। श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आये। श्रद्धालुओं का हुजूम ब्लॉक परिसर से शुरू होकर नगर के अंबेडकर चौक, पंसारा बाजार, मोहल्ला बजाजे, महल मोहल्ला और कायस्थान मुख्य स्थलों से गुजरा। यह शोभायात्रा चामुंडा मंदिर पहुँची जहाँ विधि-विधान के साथ अखंड ज्योत को स्थापित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में प्रदीप शर्मा, निकुंज शर्मा, विनीत, कुनाल सैनी, अंजू सैनी, अंजलि भारद्वाज, उषा शर्मा, अंगूरी देवी, कविता सैनी और ज्योति गर्ग सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि यह अखंड ज्योत नवरात्र के दौरान भक्तों के आकर्षण और आस्था का मुख्य केंद्र रहेगी।

## आज से प्रारंभ होंगे चैत्र नवरात्र, बाजारों में रही भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चैत्र नवरात्र का शुभारंभ आज गुरूवार से प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए आज दुकानों पर नारियल, चुनरी, व्रत सामग्री आदि खरीदने की भीड़ लगी रही तो वहीं मंदिरों पर भी साफ सफाई व रंगाई

### ■ व्रत और पूजन के लिए सामग्री व फल आदि खरीदे



पुताई का कार्य हुआ।

गुरूवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के मद्देनजर मंदिरों में माता रानी के दरबार सज गये हैं। कमेटी के सदस्यों ने देवी मंदिरों की साफ-सफाई एवं सजाने-संवारने का कार्य बुधवार को देर शाम पूरा कर लिया। अतरपुरा के प्राचीन चामुण्डा मंदिर, बस्ती के प्राचीन मां दुर्गे मंदिर, गंगा प्याऊ मंदिर, चौपला शिव मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, बस्ती स्थित शिव मंदिर आदि में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमाओं पर नई चुनरी ओढ़ाकर सजाया गया है। बुधवार को महिलाओं ने नवरात्रि व्रत के लिए चुनरी, नारियल गोला, व्रत सामग्री, फल आदि की खरीददारी की, घरों में कलश की स्थापना के लिए कलश आदि भी खरीदे। उधर नवरात्र व्रत को लेकर नगर पालिका की ओर से प्रत्येक मंदिर पर प्रतिदिन सुबह शाम सफाई होकर चूना आदि बिखेरा जाएगा। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने कर्मियों को निर्देश इस बाबत निर्देश दिए हैं।

## शांति व भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अमन कमेटी की बैठक में त्योहारों को आपसी भाईचारा और शांतिपूर्वक तरीके से मनाये जाने की अपील की गई। बुधवार को कोतवाली के प्रांगण में नायब तहसीलदार एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने अमन कमेटी की बैठक ली। बताया कि ईद उल फितर के साथ ही नवरात्रि भी होंगे। ईदगाह एवं चामुंडा मंदिर पर जाने वाला एक ही रास्ता है। इसीलिए शहर के जिम्मेदार लोग आगे आकर व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस दिन सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वह दोनों पर्वों को बहुत ही शांति अमन व भाईचारा के साथ मनाये। कोतवाल ने कहा कि यदि कहीं गड़बड़ी नजर आये तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाये। त्योहार के दिन बच्चों पर नजर रखी जाये। बाइक पर तीन लोग सवारी न करें। बाइक तेज ना चलाये तथा हेलमेट का बाइक चलाते समय प्रयोग करें। उन्होंने कहा की नई परंपरा ना डाली जाये। नगर पालिका ने शहर में भरपूर सफाई व्यवस्था कायम रखने का भरोसा दिलाया। कोतवाल द्वारा कोतवाली क्षेत्र के लोगों से सुझाव भी जान गये। इस अवसर पर शहर इमाम मुफ्ती मेराजुद्दीन, चमन अंसारी, मुकेश गुप्ता, मोहसिन खान, अजयपाल, हमजा अली, सदाकत खान, पंकज भटनागर, शाहनवाज अंसारी, जावेद जारताब, अलीमुद्दीन, अतुल अग्रवाल, नौशाद अहमद एडवोकेट, रामव. ीर सिंह, नवाब सैफी, मुकेश गोयल, जाहिद बंजारा, सचिन गुप्ता आदि मौजूद थे।

## गौशाला में घटिया निर्माण पर प्रबंधक पर मुकदमा

### फर्श में दरारें व अव्यवस्थाएं मिलने का मामला, सीवीओ के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। ब्लॉक की ग्राम पंचायत मऊमय चक में बने गो संरक्षण केंद्र में निर्माण कार्य की गंभीर खामियां सामने आने पर कार्रवाई शुरू हो गई है। फर्श में दरारें और अन्य अव्यवस्थाएं मिलने के बाद जिम्मेदार संस्था के प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मामला अमरोहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मऊमय चक से संबंधित है। साल 2024-25 में यहां वृहद गो संरक्षण केंद्र का निर्माण कराया गया था। जिसकी जिम्मेदारी निर्माणदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड मुरादाबाद की थी। लेकिन, कुछ महीने बाद ही गो संरक्षण केंद्र के फर्श में दरारें पड़ गईं, इतना ही फर्श जगह-जगह से उखड़ गया। पशुओं को बांधने के लिए लगाए गए रिंग भी निकल गए। बुरी ये दुर्दशा देख सीवीओ ने निर्माणदायी संस्था के अवर अभियंता सुनीत गुप्ता को मोबाइल पर अवगत कराया और मरम्मत कार्य कराने के लिए पत्राचार भी किया। साथ ही संस्था के परियोजना प्रबंधक से भी अनुरोध किया लेकिन किसी के द्वारा मरम्मत का कोई काम नहीं कराया गया। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने डीएम को पूरे मामले से अवगत कराया। डीएम ने संस्था के अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए सीडीओ को निर्देशित किया। सीडीओ ने सीवीओ से एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में सीवीओ की तहरीर पर निर्माणदायी संस्था के प्रबंधक सुनीत गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## लवकुश व उदीशा चैम्पियन -आंचल व नवनीत रनर अप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक क्रीडा समारोह के छात्र चैम्पियन

### ■ रमाबाई महाविद्यालय के क्रीड़ा समारोह का समापन




लवकुश वहीं छात्रा चैम्पियन उदीशा को घोषित किया। इन्होंने सर्वाधिक प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की। प्राचार्य प्रो0एमए गौरी ने चैम्पियनों के साथ साथ प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बुधवार को क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन छात्र वर्ग में 05 हजार मीटर व 100 मीटर की दौड़ में लवकुश, लंबी कूद व त्रिकूद में नवनीत कौशिक एवं रिले दौड़ में बीए कक्षा के छात्र प्रथम रहे, वहीं छात्रा वर्ग में 05 हजार मीटर दौड़ में आंचल, 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में उदीशा, त्रिकूद में दीपिका सैनी व रिले दौड़ में बीए कक्षा की छात्राएं प्रथम रहे। डॉ0 देवेन्द सिहं, डॉ0संजीव सागर, डॉ0 रोहताश सिंह, डॉ0रामौतार एवं विजेन्द्र सिह ने निर्णायक के रूप में अपना योगदान दिया। मंच संचालन गणित विभागाध्यक्षा डॉ0श्वेता अग्रवाल ने किया। आयोजन सचिव डॉ0नेहा अग्रवाल ने बताया क्रीड़ा समारोह के सफल आयोजन में 12 समितियों ने अपना योगदान किया। छात्र एवं छात्रा वर्ग में पृथक-पृथक 12-12 कुल 24 स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धाओं में सर्वाधिक जीत हासिल करने पर बीएससी द्वितीय की उदीशा छात्रा चैम्पियन एवं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल रनर-अप चैम्पियन घोषित की गईं, जबकि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र लवकुश को चैम्पियन एवं एमए द्वितीय वर्ष के छात्र नवनीत कौशिक रनर-अप चैम्पियन घोषित किया गया। प्राचार्य प्रो0एमए गौरी ने चैम्पियंसो सहित अन्य सभी विज. ेताओं को पुरस्कृत करके उनके प्रयास की सराहना की, साथ ही जो विद्यार्थी इस बार सफल न हो सके, उन्हें फिर से प्रयास करके आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने छात्र-छात्राओं की मांग पर थकान दूर करने के लिए 19 मार्च के अवक. ाश की घोषणा की। इस मौके पर डॉ. अजीता रानी, डॉ. अनिल सिहं, डॉ. रीनू गिल, मेराज हसन, कुलदीप सिंह, डॉ.मनमोहन वर्मा, डॉ.अनिल सिहं एवं डॉ.रीनू गिल, सत्यभान सिंह, चमन सिंह, हरपाल सिंह, सुनील कुमार, शशि देवी, धर्मेन्द्र कुमार आदि का योगदान किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

## जापान की कम्पनी से वैंक्टेश्वरा का बड़ा समझौता

### छात्रों को मिलेगा विदेश में नौकरी का अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जापान की कंपनी ने वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का बड़ा समझौता किया है। जिससे छात्रों को मिलेगा विदेश में नौकरी के नए रास्ते खुलेंगे।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय ने जापान की प्रतिष्ठित कंपनी "ईरिस सोल्यूशन्स" के साथ ट्रेनिंग, प्लेसमेंट, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुबंध पर सहमति जताई है। इस समझौते से विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए जापान में रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। इस सहयोग के तहत नर्सिंग, पैरामेडिकल, फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर एवं एलाइड हेल्थ साइंस के छात्र-छात्राओं को छह माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंगलवार को टोक्यो (जापान) से आई ईरिस सोल्यूशन्स की सीईओ मिस ईरिको नोडा और भारत में कंपनी के सीओओ ईशान अग्रवाल का विश्वविद्यालय परिसर में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट और सुरक्षित करियर को लेकर बेहद उत्साहित है। वहीं, सीईओ ईरिको नोडा ने भारत को




दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताते हुए भारतीय युवाओं की प्रतिभा की सराहना की और इस साझेदारी को महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि अगले माह से ही विभिन्न संकायों के छात्रों को प्रशिक्षण देकर जापान में रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कंपनी के सीओओ ईशान अग्रवाल ने जापान को सुरक्षित और बेहतर कार्यस्थल बताते हुए कहा कि वहां प्रशिक्षित विदेशी युवाओं के लिए असीम रोजगार संभावनाएं हैं।

## शहीदभगत सिंह के छात्र का नवोदय विद्यालय में चयन




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। क्षेत्र के शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल, हलपुरा के कक्षा 5 के छात्र पार्थ कुमार ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। पार्थ कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी कौराला के चयन से स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य शीतांशी चौधरी, डायरेक्टर सचिन कुमार व जितेश कुमार ने पार्थ कुमार को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक रोहित सांगवान ने कहा कि पार्थ की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और आगे भी ऐसे परिणाम आते रहेंगे। प्रधानाचार्य शीतांशी चौधरी ने कहा कि पार्थ कुमार की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है।

## पहले दिन 25 हजार 422 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

### चार केन्द्रों पर शुरू हुआ बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो गया। पहले दिन इंटरमीडिएट की 9 हजार 430 व हाईस्कूल की 15992 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर 3.83 लाख उत्तर पुस्तिकाएं जांची जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन हुआ और सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

बुधवार को जिले के चार मूल्यांकन केन्द्रों राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज , हिन्दू इंटर कॉलेज व एकेके इंटर कालेज में यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ। राजकीय इंटर व आईएम इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जबकि जेएस हिंदू व एकेके इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। पहले दिन इंटर की 9430 व हाईस्कूल की 15992



उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में 93 अंकेक्षक, 186 प्रधान परीक्षक व 1732 परीक्षकों की ड्यूटी लगी है। तीसरी आंख की निगरानी मे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ और सुरक्षा भी चाकचौबंद रही। डीआईओएस प्रवेश कुमार ने बताया कि बोर्ड की गाइडलाइन अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

## दिल्ली जाते हादसे में प्रधान के भाई की मौत

### हापुड़ बाईपास पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। दिल्ली जा रहे शिकारिया के ग्राम प्रधान के भाई जरीफ की मंगलवार रात हापुड़ बाईपास पर हुए सड़क हादसे मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। परि. जनों का रोते बिलखते बुरा हाल है। 45 वर्षीय जरीफ अहमद शिकारिया के ग्राम प्रधान मोहम्मद यूनुस के छोटे भाई थे। उनका दिल्ली में गैस चूल्हे का कारोबार था। तीन दिन पूर्व सास का निधन होने पर जरीफ अहमद परिवार के साथ गांव आए थे। उनके परिवार में पत्नी नर्गिस के अलावा बेटे जरीन, सूफियान तथा बेटी इल्मा व मुन्नी है। बताया जा रहा है कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि जरीफ अहमद परिवार के साथ दिल्ली जा रहे थे। हापुड बाईपास से गुजरते समय वह कार हाईवे किनारे खड़ी कर लघुशंका कर रहे थे। उसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल जरीफ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रक घटनास्थल छोड़ चालक मौके से फरार हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शाम में शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## जयगोविंद के छह छात्रों का जवाहर नवोदय में चयन



### प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। जय गोविंद पब्लिक स्कूल के 6 मेधावी छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। चयन की जानकारी मिलते ही शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों को बधाई दी। जय गोविंद पब्लिक स्कूल, नारंगपुर से कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में कुल 6 छात्रों ने सफलता हासिल की है। जिहें ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। चयनित छात्रों में अरहान निवासी हाजीपुर, अब्दुल, अलमास निवासी मीरपुर, हुसैन अब्बास अमरोहा, विदित नागर, अरीशा कमर, जोया का चय हुआ। प्रबंधक सरन कुमार ने बताया कि चयनित सभी छात्र-छात्राएं आगे की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय अमरोहा में करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य रफाउल हसन व शिक्षकों ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साह का माहौल है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## विधायक ने किया मिर्जापुर में सड़क का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली**। क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर के विकास को नई गति देते हुए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा एक किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक ने 250 मीटर सीसी रोड एवं 750 मीटर काला डामर सड़क निर्माण कार्य व अनुमानित लागत 27 लाख रुपये का फीता काटकर उद्घाटन किया।



विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि सड़क ही विकास की पहली कड़ी होती है। इस मार्ग के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता होगी और क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित क्षेत्रवासियों ने विधायक का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, मयंक अग्रवाल, कल्याण सैनी, संजय शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी, सुरेंद्र शर्मा, हेमराज प्रधान, रणवीर प्रधान, सुनील प्रधान, सोनू शर्मा, जोगेंद्र सिंह, विजेंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, जगबीर सिंह, अमित चौधरी, नन्नू सिंह, किशन लाल सैनी, चंद्रपाल सैनी, अमरपाल सिंह, प्रकाश सिंह और चंद्रसेन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्कूल में हुई चोरी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

### 49 हजार की नकदी व हार्डडिस्क बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। द आर्यंस स्कूल में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 49500 रुपये की नकदी, एक हार्ड डिस्क व एक बाइक बरामद की है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सुमित पुत्र राकेश निवासी गांव कुदैनाचक थाना गजरौला को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया है। मामले में इससे पूर्व डिडौली पुलिस शिवम शर्मा निवासी गांव खाता थाना रजबपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 98500 रुपये तथा एक बाइक तथा बंटी पुत्र राजेश निवासी गांव खुगावली थाना गजरौला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1, 13,800 रुपये व एक मोबाइल फोन बरामद कर जेल भेज चुकी है। गौरतलब है कि बीती 7 फरवरी को चोरों ने द आर्यंस स्कूल में घुसने के बाद केबिन में रखा लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क, एक इंटरकॉम, मोबाइल व नकदी चोरी कर ली थी।

## 322वीं ज्योति में सजी श्याम दरबार की भक्ति महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर, टीचर कॉलोनी में श्री खाटु श्याम मित्र मंडल मंडी धनौरा द्वारा चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की पापमोचिनी एकादशी के अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान लखदातार श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार कर 332वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम में भजनों की ऐसी रसधारा बही कि श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। भजन गायक दीपक शर्मा ने गिरे जो मेरे आंसू बेकार गये क्या, ओ हारे के सहारे तुम भी हार गये क्या प्रस्तुत कर भक्तों को भावुक कर दिया। वहीं अर्पित कौशिक ने अपने मन की सांवरे मैं किसे सुनाऊं भजन से माहौल भक्तिमय कर दिया। देव शर्मा ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, मीनू शर्मा ने तेरे दर पे आ गया हूं, शौर्य मित्तल ने किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार, लक्की अग्रवाल ने दिल की हर धड़कन से तेरा नाम निकलता है और कृष वर्मा ने मुसीबत आने से पहले मेरा श्याम आता है जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर प्रस्तुति पर भक्तगण नृत्य करने को मजबूर हो गए और पूरे मंदिर परिसर में श्याम बाबा के जयकारों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के दौरान श्याम बाबा के सेवक दीपक शर्मा द्वारा मोरछड़ी का झाड़ा भी लगाया गया, जिससे भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूनम, नमन, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, सुमित शर्मा, नीरज रस्तोगी, सुशीला, विशाल, राखी, एशी, कोमल, नूतन अग्रवाल, डॉ. राहुल, सचिन, प्रीति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## 64.95 ग्राम स्मैक के साथ युवक दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 64.95 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार निरीक्षक अपराध संजय तोमर एवं लभारी चौकी प्रभारी सूरज पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार रात मनकरा रोड पर छापेमारी की। इस दौरान रईयानगला निवासी मेहरबान को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ढाबों पर आने वाले ट्रक चालकों से स्मैक खरीदता था और उसे छोटे-छोटे हिस्सों में अनजान लोगों को बेचकर अपने घर का खर्च चलाता था। आरोपी स्मैक लेकर अपने घर जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे रास्ते में दबोच लिया।निरीक्षक अपराध संजय तोमर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही यह भी सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहांपुर में भी पूर्व से एक मामला दर्ज है।

# तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

- हादसे में चचेरा भाई गंभीर घायल, गांव में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुड़वारा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जाम सावंत निवासी आकाश (26) पुत्र सुरेंद्र और शिव कुमार (25) पुत्र प्रेम सिंह बाइक संख्या यूके 06 ए जैड 1762 से बहेड़ी की ओर आ रहे थे।

जैसे ही वे गुड़वारा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित एक्सयूवी 500 डी एल 4 सी ए वाई 2388 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे, और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही शिव कुमार ने दम तोड़ दिया। वहीं आकाश की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बहेड़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

## एक नजर

### झाड़ियों में सफाई के दौरान महिला को सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव माधौपुर में सुबह जब एक महिला को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार माधौपुर निवासी मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय राम सेवक राजपूत बुधवार सुबह अपने घर के पीछे स्थित झाड़ियों में सफाई करने गई थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे सांप ने उनके पैर में डस लिया। घटना के बाद मीरा देवी ने शोर मचाया, जिस पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।ग्रामीणों ने सांप को मार दिया और तत्काल मीरा देवी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरका ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वर्तमान में महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बिल्सा गांव में हरे पेड़ों की अवैध कटान, दो पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के बिल्सा गांव में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटान का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने मौके पर छापेमारी करते हुए 7 हरे पेड़, एक पिकअप वाहन और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद लकड़ी से भरी पिकअप को भी सीज कर दिया गया है।

वन विभाग के अनुसार पकड़े गए पेड़ों में पांच आम, एक जामुन और एक नीम का पेड़ शामिल है। फॉरेस्टर छेदा लाल ने बताया कि बीती शाम सूचना मिली थी कि गांव में अवैध कटान चल रहा है। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। टीम ने पिकअप वाहन UP25BT6104 से कटे हुए पेड़ बरामद किए। मौके से चालक यूसुफ पुत्र फारूक और ठेकेदार अली पुत्र कालबेली को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी थाना खजुरिया के गांव वमनपुरा के निवासी बताए जा रहे हैं।कार्रवाई में वन रेंजर संतोष कुमार मठपाल, डिप्टी रेंजर मुकेश कुमार, फॉरेस्टर छेदा लाल, वनरक्षक जतिन और ज्ञानदीप शामिल रहे। आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### नवरात्र के दौरान मांस की दुकानें बंद रखने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** विश्व हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने नवरात्र के दौरान क्षेत्र में मांस और मछली की दुकानों को बंद रखने की मांग उठाई है। विपुल शर्मा, जगतपाल और सुमित गुर्जर ने थाना अध्यक्ष राजेश कुमार बैसला को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कस्बे और आसपास के गांवों में खुलेआम मांस की बिक्री होती है, जिससे पूजा-अर्चना में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने प्रशासन से नौ दिनों तक मांस की दुकानों को बंद कराने की अपील की है।

### शराब की दुकानों के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के गांव दौली जबाहरलाल में आबादी के बीच संचालित शराब की दुकानों के विरोध में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों महिला-पुरुषों ने एकजुट होकर दुकानों को गांव से दूर गैर-आबादी क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की करीब छह हजार की आबादी के बीच स्थित इन दुकानों के पास छह विद्यालय भी हैं। बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं को यहां से गुजरना पड़ता है, जबकि शराबियों की अभद्रता से माहौल खराब होता है।आरोप है कि दुकानों का संचालन निर्धारित समय से पहले और बाद में भी किया जाता है, जिससे क्षेत्र में विवाद और उपद्रव की घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने फरवरी में एक व्यक्ति की शराब से मौत का भी जिक्र किया। ग्रामीणों का कहना है कि आबकारी विभाग से शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दुकानों को हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी सत्र में कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### सीएचसी बहेड़ी में एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहेड़ी में बुधवार को एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन रश्मि जायसवाल द्वारा किया गया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस वैक्सीन के प्रति जागरूक हों और इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, एआरओ महिपाल गंगवार, दिनेश शाह (आईओ), स्टाफ नर्स प्रियंका, बीपीएम पुनीत शर्मा सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। इसके लिए क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस वैक्सीन का लाभ ले सकें।

### सीएचसी पर हुआ एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** बुधवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवाबगंज डा. आशुतोष गंगवार द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. अमित गंगवार, डा. अनामिका गुप्ता, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार यादव मौजूद रहे।



### रामनवमी मेले का विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**क्योलड़िया।** भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिहारीपुर पीतम राम के मजरा मुड़िया मलूकपुर के प्राचीन मंदिर पर लगने वाले विशाल रामनवमी मेले का आज विधायक अनुज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी मुख्य अतिथियों का मंदिर के महंत मनीष कुमार ने सभी का स्वागत किया। मेले को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख रविशंकर गंगवार ने कहा कि चैत्र नवरात्र में लगने वाले रामनवमी मेले का अलग महत्व है।

मेला मेल जोल को बढ़ाते हैं एवं मेला भारतीय परंपरा और और भारतीय संस्कृति की अलग पहचान है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बबलू गंगवार, गन्ना समिति उपाध्यक्ष सर्वेश गंगवार, प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर हर प्रसाद गंगवार, सत्येंद्र माथुर, ग्राम प्रधान जयवीर वर्मा, मुकेश दिवाकर समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## धोखे से कराई शादी, दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने शादी में धोखाधड़ी, दुष्कर्म के प्रयास, मारपीट और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर निवासी पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व उसकी शादी आरोपियों द्वारा साजिश के तहत कराई गई थी। आरोप है कि शरीफ कुरैशी, सास बनिया, आरिफ, रूबी और हुसैन निवासी मोहल्ला गौस नगर, कस्बा निगोही शाहजहांपुर उसके घर रिश्ता लेकर आए थे। इन लोगों ने मिलकर पीड़िता के भाई से पहले से हुई शादी की बात छिपाते हुए मीठी-मीठी बातों में लेकर उसकी शादी शरीफ कुरैशी से करा दी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद उसे पता चला कि उसके पति शरीफ कुरैशी की पहले से शादी हो चुकी है, और वह अपनी पहली पत्नी के साथ अलग रह रहा है। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी आरिफ ने कई बार उसके साथ अश्लील हरकतें कीं, जब पीड़िता ने इसकी शिकायत ससुराल पक्ष से की तो उल्टा उसे ही धमकाया गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 बजे वह घर पर अकेली थी। तभी आरोपी आरिफ घर में जबरन घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसे जमीन पर गिरा दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए, जिससे आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है कि घटना के बाद जब उसने ससुराल पक्ष को जानकारी दी तो उन्होंने उसे चुप रहने की हिदायत दी। अगले दिन उसका पति घर आया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने एकजुट होकर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण वह पहले रिपोर्ट नहीं करा सकी।

नवाबगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शरीफ कुरैशी, सास बनिया, ननदोई आरिफ, ननद रूबी और नंदोई हुसैन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है।

## गांधी उद्यान में शिक्षक संघ की खुली बैठक

- मीरगंज ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** गांधी उद्यान में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बरेली की जिला कार्यकारिणी द्वारा आयोजित खुली बैठक में शिक्षकों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। बैठक में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे और संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।



बैठक के दौरान मीरगंज ब्लॉक के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार के नेतृत्व में सर्वसम्मति से मीरगंज ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर अमित कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, आनंद प्रकाश को ब्लॉक मंत्री तथा तेजपाल सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।इसके साथ ही इफ्तखार अहमद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुमित गंगवार को संयुक्त मंत्री, विजयपाल सिंह को उपाध्यक्ष, सरला को महिला उपाध्यक्ष, रूपवती गंगवार को महिला संगठन मंत्री तथा रुचि सैनी को मंडलीय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में बृजेश कुर्मी, अतुल सिंह, देवेंद्र गंगवार, अरविंद चौधरी, भारत वीर गंगवार, नितिन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन की मजबूती, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा को लेकर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## इसवा ने जरूरतमंद महिलाओं को दी मशीनें

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** इंटेलेक्चुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन (इसवा) बरेली की जानिब से नवाबगंज में मिसबाह पॉलीक्लीनिक पर जरूरतमंद महिलाओं को मशीनों को तक्सीम किया गया।




रमजान शरीफ के मुकद्दस महीने में बुधवार को विजौरिया रोड स्थित घ्डॉ. फरनाज के पॉली क्लीनिक पर इस्वा (इंटेलेकचुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन) बरेली ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीने तक्सीम की। इसमें डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी (डिप्टी सीएमओ पीलीभीत), प्रोफेसर राशिद अंसारी, डॉ. रिजवान, डॉक्टर परवेज, मोहम्मद आरिफ आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी ने बताया कि बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर पीलीभीत, बीसलपुर के बाद बुधवार को कस्बे में मंडल के निजी चिकित्सकों द्वारा दी गई इस सहायता को जरूरतमन्द महिलाओं को यह इमदाद की गई है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह से जरूरतमंद लोगों की मदद संस्था द्वारा की जाएगी।

## विद्यालय से अक्सर नदारद रहती हैं इंचार्ज प्रधानाध्यापक

- बुधवार को भी स्कूल से रही गायब
- एबीएसए ने कहा होगी कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ब्लॉक भदपुरा के गांव डडुआ का प्राथमिक विद्यालय पूरी तरह से राम सहारे चल रहा है। सरकार के हर माह हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी इसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पा रहा है।

विद्यालय में मात्र 19 छात्रों की पढ़ाई का जिम्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुनीता कुमारी और शिक्षा मित्र संजीव कुमार के ऊपर है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक जहां बरेली से तो शिक्षा मित्र नववागंज से विद्यालय जाते हैं। बरेली से ग्राम डंडुआ के प्राथमिक विद्यालय में प्रतिदिन आना शायद इंचार्ज प्रधानाध्यापक को मुश्किल लगता है जिसके चलते अक्सर वह विद्यालय से नदारद रहती है और विद्यालय के छात्रों को शिक्षा मित्र ही घेरे रहते हैं। आज बुधवार को जब इस संवाददाता ने विद्यालय को देखा तो इंचार्ज प्रधानाध्यापक नादारद मिली। जब खण्ड शिक्षा अधिकारी भदपुरा से इस मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया कि फरवरी माह में अनुपस्थित रहने पर उन्होंने इंचार्ज प्रधानाध्यापक का दो दिन का वेतन काटा था। 13 मार्च को भी विद्यालय से बिना सूचना और अवकाश के गायब रहने पर उन्हें नोटिस देकर जवाब मांगा गया है जो अभी तक उन्हें पता मिल पाया है। उन्होंने बताया कि आज बुधवार को भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक स्कूल से गायब है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में अभिभावक संघ के अध्यक्ष नन्हे लाल ने बताया कि अक्सर इंचार्ज प्रधानाध्यापक स्कूल से गायब रहती हैं और जब आती हैं तो लेट आती हैं और समय से पहले ही विद्यालय बन्द कर बरेली निकल जाती है। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी से कार्यवाही की मांग की है।




## बंद मकान के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ईंधजागीर के मोहल्ला यासीन नगर में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से ईद की खुशियां मनाने आए परिवार को गहरा झटका लगा है।

बस्ती के निवासी सलमान अपने परिवार के साथ हरियाणा में रहकर कबाड़ का काम करते हैं। वह ईद मनाने के लिए बीती रात अपने गांव पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अपने घर का मुख्य गेट खोला, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के अंदर प्रवेश करते ही उन्होंने देखा कि कमरों के ताले टूटे पड़े हैं और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। अलमारी और तिजोरी के भी ताले तोड़े जा चुके थे। पीड़ित सलमान के अनुसार, चोर तिजोरी में रखे उनकी पत्नी के सोने के झाले और दहेज में मिले पीतल के कीमती बर्तन भी चोरी कर ले गए। सलमान ने आशंका जताई कि चोर दीवार के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए। मकान के अंदर चोरों के पैरों के निशान भी पाए गए हैं, जिससे घटना की पुष्टि होती है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की छानबीन में जुटी है। खुशियों के त्योहार ईद पर हुई इस चोरी की घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई।



## चांद पर टिकी ईद: आज दीदार हुआ तो कल खुशियां, नहीं तो 21 मार्च को मनाई जाएगी ईद

- ईदगाह में सुबह 10:30 बजे मुख्य नमाज, शहर की मस्जिदों में अलग-अलग वक्त तय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** रमजान के मुकद्दस महीने के समापन के साथ अब सबकी निगाहें ईद के चांद पर टिकी हैं। अगर आज चांद का दीदार हो जाता है तो 20 मार्च को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा, अन्यथा 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी।

दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने बताया कि चांद देखने का पूरा एहतमाम किया गया है। यदि कहीं से शरई गवाही मिलती है या आसमान में चांद नजर आ जाता है तो अगले दिन ईद का ऐलान कर दिया जाएगा। अगर चांद नजर नहीं आता है तो 20 मार्च को रमजान का आखिरी जुमा "जुमा तुल विदा" अदा किया जाएगा और 21 मार्च को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी।

शहर में ईद की नमाज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाकरगंज ईदगाह में मुख्य नमाज सुबह 10:30 बजे अदा की जाएगी। वहीं शहर की विभिन्न दरगाहों, खानकाहों और मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज होगी। सबसे पहले सुबह 6:40 बजे बाजार सन्दल खान स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद और साहूकारा की मदीना मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी, जबकि सबसे आखिरी नमाज रजा मस्जिद में सुबह 11 बजे होगी। इसके अलावा शहर की प्रमुख मस्जिदों में सुबह 7 बजे से लेकर 10:30 बजे तक अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी।

प्रशासन और मस्जिद इंतजामिया कमेटियों ने नमाजियों से तय समय पर पहुंचने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। ईद को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है और लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## इफ्तार पार्टी में सियासी गरमाहट, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने साधा सरकार पर निशाना

- चुनाव आयोग पर सवाल, महंगाई-गैस संकट और विदेश नीति को लेकर तीखे आरोप



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी सियासी बयानबाजी के चलते चर्चा का केंद्र बन गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अजय राय ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस नेता सलीम अखघ्तर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

मीडिया से बातचीत में अजय राय ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी कार्यप्रणाली पर संदेह बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और चुनाव आयोग के बीच तालमेल लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि आम जनता इन समस्याओं से जूझ रही है। कोविड काल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय ऑक्सीजन और अस्पतालों में बेड की कमी से कई लोगों की जान गई, लेकिन आज भी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुधर नहीं पाई हैं। गैस संकट को लेकर अजय राय ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में रसोई गैस की भारी किल्लत है, जिससे हॉस्टल और पीजी तक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गैस की आपूर्ति में राजनीति की जा रही है और चुनावी राज्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

विदेश नीति पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति कमजोर हुई है। ईरान के शीर्ष धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामनेई के निधन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, जबकि कांग्रेस ने सबसे पहले अपनी प्रतिक्रिया दी। अजय राय ने कहा कि देश को ऊर्जा संकट से जूझना पड़ रहा है, और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल साबित हो रही है। इफ्तार कार्यक्रम के दौरान सियासी माहौल देर तक गरमाया रहा, और नेताओं के तीखे बयान चर्चा का विषय बने रहे। इस दौरान सलीम अखघ्तर पीलीभीत से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय कपूर, जिला अध्यक्ष अशफाक सकलैनी, अजय शुक्ला, महानगर अध्यक्ष असलम चौधरी, अफसार अहमद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## टीकाकरण का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**क्योलड़िया।** भदपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्योलड़िया में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हो गया। इसका उद्घाटन भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर किया। यह टीकाकरण सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराया गया है।

क्योलड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब यह सुविधा निशुल्क मिलेगी। इस टीके के लिए किशोरी की आयु 14 वर्ष पूरी होनी चाहिए और 15 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उद्घाटन के बाद ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। निजी अस्पतालों में इसका टीका महंगा होने के कारण ग्रामीण गरीब लोग इसे नहीं लगवा पाते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने गरीबों के हित में यह टीका उपलब्ध कराया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जनता से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. मुगीश ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के बीच जन्मी सभी किशोरियां, जिनकी आयु 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और 15 वर्ष से कम है, उन्हें एचपीवी वैक्सीन का टीका निशुल्क लगाया जाएगा। यह टीका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्योलड़िया में ओपीडी समय के दौरान कक्ष संख्या 11 में उपलब्ध है। टीकाकरण के लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है।

इस अवसर पर राम प्रताप गंगवार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मुगीश और एएनएम पिंकी शर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चकनरकुण्डा विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चकनरकुण्डा विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, रेता, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, ईंट की रोढ़ी, पन्नी मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-23.03.2026 को समय 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-23.03.2026 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | मो० हनीफ (बड़े) के घर से तालाब की पुलिया तक सीसी रोड निर्माण | 3,98,351.00 |

**रूबी** (प्रधान) **सचिन राना** (सचिव)

# सीएमओ डॉक्टर दीपा सिंह ने किया एच.पी.वी. वैक्सीनेशन अभियान का शुभारम्भ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जनपद रामपुर में 14-15 वर्ष की किशोरियों को एच.पी.वी. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन से प्रतिरक्षित करने के लिए आज विशेष अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर, डॉक्टर दीपा सिंह ने किया।

इस अवसर पर डॉक्टर दीपा सिंह ने कहा, ष्हमारा उद्देश्य किशो. रियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाना है। इस अभियान के माध्यम से हम सभी पात्र किशोरियों तक सुरक्षित और प्रभावी टीकाकरण सुनिश्चित करेंगे। अभियान का संचालन कार्यक्रम के नोडल अफसर, डॉक्टर चहल की देखरेख में किया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य जनपद में 14-15 वर्ष की 28,643 किशोरियों को गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट 6,11,16,18) एच.पी.वी. वैक्सीन की एक खुराक प्रदान करना रखा गया है। यह अभियान 18 मार्च 2026 से जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर में प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे पात्र किशोरियों के साथ उनका जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड लेकर आएं और उन्हें वैक्सीन लगवाएं। शुभारम्भ के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, जिला क्षय रोग अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एन.एच.एम., जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एस.एम.ओ., डब्ल्यू.एच.ओ., पी.ओ., यू.ए.डी.पी., डी.एम.सी. और यूनिसेफ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस पहल से न केवल किशोरियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि भविष्य में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभाई जाएगी।

# रामपुर पुलिस की कार्रवाईः मुठभेड़ में 3 गौकश गिरफ्तार, तमंचे व उपकरण बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में अपराध नियंत्रण के तहत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना केमरी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन गौकशी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, एक चाकू, मोटरसाइकिल और गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 17 मार्च को थाना केमरी पुलिस ग्राम सईदाबाद से खानपुर कदीम जाने वाले रास्ते पर गश्त व चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और मोटरसाइकिल मोड़ते समय गिर गए। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी ने अपना नाम राशिद पुत्र शकील निवासी ग्राम नौगवां थाना शहजादनगर बताया। गिरफ्तार आरोपियों में राशिद पुत्र शकील निवासी नौगवां थाना शहजादनगर, जाहिद पुत्र बाके निवासी खानपुर कदीम थाना केमरी और सत्तार पुत्र अली हुसैन निवासी खानपुर कदीम थाना केमरी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचे 315 बोर, कारत. ूस, एक नाजायज चाकू, गौकशी के औजार, रस्सी और पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी-छिपे गौकशी करते थे और आवारा गोवंशीय पशुओं को पकड़कर उनका वध कर देते थे। पुलिस के अनुसार आरोपी राशिद और सत्तार पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं और उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। इस संबंध में थाना केमरी में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तलाक के बाद बेटे की सुपुर्दगी को हुए विवाद में युवक को पिता संग पीटा

## युवक की पत्नी के रिश्तेदारों ने दिया घटना को अंजाम, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** तलाक के बाद 11 माह के मासूम बेटे की सुपुर्दगी को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने युवक व उसके पिता को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। मारपीट करने वाले युवक की पत्नी के रिश्तेदार थे और वह मासूम को अपने साथ ले जाना चाहते थे। शोर-शराबा होने पर ग्रामीणों ने किसी तरह से बीच-बचाव कराया। जिस पर सभी धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परि. जनों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित युवक के भाई की तहरीर पर शहजादनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंडौली की मडईया का है। यहां पर रहने वाले मोहम्मद सईद का कहना है कि उसके भाई उमर का निकाह गांव के अख्तर अली की बेटी शम्मो के साथ हुआ था। निकाह के कुछ समय तक दोनों के बीच संबंध अच्छे रहे। उनका एक बेटा मोहम्मर उरहान हुआ, जो मौजूदा समय में 11 माह का है। बताते हैं कि बेटे के जन्म के बाद से पति-पत्नी के बीच संबंध खराब हो गए। मोहम्मद सईद के अनुसार आए दिन विवाद होने पर दोनों ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया और सहमति से बेटे को मेरे भाई मोहम्मद उमर के सुपुर्द कर दिया गया। इसी बात को लेकर उसकी भाभी के रिश्तेदार रंजिश मानने लगे। मोहम्मद सईद के अनुसार 16 मार्च को उसका भाई उमर, पिता मौसम के साथ गांव की ही एक किराने की दुकान पर गए थे। जहां पर भाभी का जीजा भोट थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सफातनगर निवासी महबूब के अलावा शमशाद, अख्तर अली, अकबर अली, फिरासत अली और अनवर अली पहले से ही मौजूद थे। बच्चे की सुपुर्दगी को लेकर सभी झगड़ा करने लगे। आरोप है कि उन्होंने उमर व उसके पिता मौसम को बुरी तरह से मारापीटा। लाठी-डंडों से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दुकान पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव कराया। जिस पर सभी धमकाते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। सईद की तहरीर पर शहजादनगर थाने में महबूब, शमशाद उर्फ बाबू, अख्तर अली, अकबर अली, फिरासत अली और अनवर अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# रामपुर में हाईस्कूल-इंटरमीडिएट कॉपियों का मूल्यांकन शुरू, अधूरी तैयारियों ने बढ़ाई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य अधूरी तैयारियों के बीच शुरू हुआ। मूल्यांकन केंद्रों पर व्यवस्थाओं की कमी और सुरक्षा के अभाव के कारण शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही शिक्षक केंद्रों पर पहुंचे, लेकिन पर्याप्त कॉपियां न मिलने के कारण मूल्यांकन कार्य सही ढंग से शुरू नहीं हो सका। कई शिक्षक केंद्र पर इंतजार करते दिखे। सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही; मुख्य द्वारों पर न तो पर्याप्त पुलिस बल था और न ही सुरक्षाकर्मी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने कहा कि स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है और कॉपियां धीरे-धीरे सभी केंद्रों पर पहुँच रही हैं। आंकड़ों के अनुसार, हाई स्कूल की 86,652 और इंटरमीडिएट की 1,35,480 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए इंटरमीडिएट में 359 और हाई स्कूल में 658 शिक्षकों की ड्यूटी लगी है। शिक्षक नसीर ने बताया कि अधिकांश शिक्षक केंद्रों पर पहुँच चुके हैं, लेकिन सभी कॉपियां अभी तक नहीं आई हैं। शिक्षक रामपाल सिंह ने कहा कि कुछ विषयों की कॉपियां मिल गई हैं, बाकी आने वाली हैं। सभी कॉपियां मिलते ही मूल्यांकन कार्य तेजी से शुरू कर दिया जाएगा।

# बहन को पीटने का विरोध करने पर पहुंचे भाई को भी पीटा

## बचाव में आई बहन पर किया पाटल से हमला, फंसे ससुराली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** ससुरालियों द्वारा बहन को पीटने की शिकायत मिलने पर उससे मिलने पहुंचे भाई पर भी ससुरालियों ने हमला कर दिया। बहन जब उसे बचाने आई तो पाटल से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। क्रास केस के चक्कर में ससुर ने अपने सिर पर ईट मार ली और दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़िता ने टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम धनुपुर मझरा नूरपुर निवासी महरोज का कहना है कि उसका निकाह करीब आठ माह पहले ग्राम सहरिया लक्खा निवासी कलवा के बेटे फुरकान के साथ हुआ था। 17 मार्च को उसके पति फुरकान व अन्य ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी सूचना महरोज ने फोन द्वारा अपने भाई फिरोज को दी। जिस पर फिरोज उसकी ससुराल आया और मारपीट करने की वजह पूछी। आरोप है कि इस पर ससुराली भड़क गए और फिरोज के साथ मारपीट करने लगे। महरोज के अनुसार उसने 112 में सूचना देने के बाद अपने भाई को बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने पाटल से वार कर दिया। जिससे हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला के अनुसार पुलिस आता देख उसके ससुर ने भाई को फंसाने की नीयत से खुद ही सिर पर ईट मार ली और धमकाते हुए चले गए। पीड़िता अपने भाई को लेकर टांडा थाने पहुंची और मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी। पुलिस ने पति फुरकान समेत कलवा, आरिस, फईम, कासिम, मुस्तफा, भूरा, अंजुम, खैरूल, रुबिना, अरमाना और पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रेम विवाह करने वाले युवक के परिजनों को पीटा

## वहीं दुकान जा रहे युवक को रंजिशन पीटा, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** टांडा थाना क्षेत्र में एक युवक ने गांव में ही रहने वाली युवती के साथ प्रेम विवाह कर लिया और उसे घर ले आया। युवती के परिजनों को जब इसकी जानक. ारी हुई तो वह जबरन अपने साथ ले गए। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस युवती को थाने ले आई। युवती से मिलने जा रहे युवक के परिजनों को रंजिशन उन लोगों ने रास्ते में घेरकर जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। युवती के परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं शहजादनगर थाना क्षेत्र में दुकान से सामान ले जा रहे युवक को लोगों ने घेर कर रंजिशन पीटा। इस मामले में भी रिपोर्ट हो गई है।

पहला मामला टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडी मिलक का है। गांव निवासी रामौदेवी का कहना है कि उसके बेटे अभिषेक का गांव के ही शांति सिंह की बेटी शीतल से था। जिस पर दोनों ने एक मंदिर में विवाह कर लिया। इसके बाद शीतल उसके घर पर आकर रहने लगी। रामौदेवी के अनुसार जब शीतल के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वह रंजिश मानने लगे। सभी उसके घर पर आए और पुत्र वधू शीतल को जबरन अपने साथ ले गए। जिस पर अभिषेक के घर वालों ने टांडा थाने को सूचना दी। सूचना पर पुलिस शीतल को थाने ले आई और रामौदेवी को जानकारी दी। उनके अनुसार वह अपने पति करतार सिंह बड़ी बहू ज्योति के साथ थाने जा रही थी कि तभी आरोपियों ने उनको रास्ते में रोक लिया और मारपीट की। प्रेग्नेंट ज्योति को भी नहीं बख्शा। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इसके बाद सभी थाने पहुंचे और मामले की जानक. ारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शांति, हेमराज, महीपाल, दिनेश और विकास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरा मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रूपपुर का मझरा का है। यहां पर रहने वाले राजेश का कहना है कि वह कुछ सामान लेने के लिए घर से दुकान जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के मुलायम सिंह ने उसे रंजिशन रोक लिया और गालियां बकने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। शहजादनगर थाने में मुलायम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मनु महिला तो रितेश बने युवा प्रमुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राजीव सिंह जी रामपुर की इकाई का गठन किया है। जिला संयोजक मनोज सैनी की सहमति के बाद उन्होंने रितेश को युवा प्रमुख, विभोर सक्सेना को जिला सह संयोजक, उमेश प्रजापति को कोष प्रमुख, गजेंद्र सैनी को संघर्ष वाहिनी प्रमुख, धनंजय सैनी को विचार विभाग प्रमुख, गुलाब सैनी को प्रचार प्रमुख, मनु सक्सेना को महिला प्रमुख एवं गिरीश आर्य को संपर्क प्रमुख मनोनीत किया है। उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने और राष्ट्र को मजबूत बनाने की अपील की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक कुलदीप सिंह, प्रमोद कुमार लोधी आदि उपस्थित रहे।

# एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन की संगठनात्मक गोष्ठी आयोजित, पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग उठी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। 17 मार्च 2026 को शाम 5 बजे भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा रामपुर के सभागार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन, रामपुर रीजन-5 के अंतर्गत रामपुर और संभल जिले के सदस्यों की एक संगठनात्मक गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी की अध्यक्षता एसबीआई मुख्य शाखा रामपुर की अध्यक्ष तरु राज सक्सेना तथा मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक देवेश मित्र ने की। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री कामरेड नविंद्र कुमार सहित कई जोनल पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप महामंत्री नविंद्र कुमार, सहायक महामंत्री दिनकर राव सहित अन्य पदाधिकारियों के मुख्य शाखा पहुं. चने पर फूल-मालाओं और ढोल के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उप महामंत्री कामरेड नविंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी स्टाफ सदस्य का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ शाखाओं से कर्मचारियों को देर शाम तक काम कराने की शिकायतें मिल रही हैं। यदि किसी भी शाखा में कर्मचारियों को देर रात तक कार्य करने के लिए रोका जाता है तो इसकी सूचना तत्काल संगठन को दी जाए, जिस पर संगठन स्तर से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है। यदि सरकार इस मांग को नहीं मानती है तो संगठन को मजबूर होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। सहायक महामंत्री दिनकर राव ने अपने संबोधन में संगठन की एकता पर जोर दिया। वहीं रामपुर मुख्य शाखा की सचिव श्रीमती उत्कर्षा सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने तथा शाखाओं में स्टाफ की कमी की समस्या को उठाया। गोष्ठी में रामपुर जिले के क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र-5, रामपुर, स्वार, अजीतपुर, बिलासपुर, मिलक, भोट, दुर्गानगला, रामपुर डिस्टलरी तथा संभल जिले की चंदौसी और भैंसोरी शाखाओं के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें नई युवा पीढ़ी और महिला सदस्यों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। सभा में बरेली से विकास कुमार, राजेंद्र शर्मा, परमेंद्र सिंह, अमरपाल और अभिनव यादव, चंदौसी से गिरेंद्र अग्रवाल, तूलिका और शिवानी, बिलासपुर से अरविंद कुमार यादव तथा अजीतपुर से मर्सी सागर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर अक्षी अग्रवाल, शिवानी, अपूर्वा जैन, याशी, वंशिका, राधिका, प्राची, श्रीमती कम्मो, रामेंद्र गोली, दिनेश, गंगादीन, प्रमोद, अनिल कुमार शर्मा, दिनेश पाल सिंह, केशव गुप्ता, राहुल सिंह, जितेंद्र वर्मा और रितेश कुमार द्विवेदी सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन रामपुर क्षेत्र-5 के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज तथा संगठन के पूर्व पदाधिकारी विमल कपूर ने किया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय, जनपद-रामपुर।**
**मूल वाद सं0-223/2025**

हरिन्दर सिंह उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र स्व0 गुरपाल सिंह निवासी ग्राम गदईया नसीम गंज, तहसील बिलासपुर, जिला-रामपुर ....प्रार्थी

**बनाम** मनजिन्दर सिंह पुत्र हरदेव सिंह निवासी ग्राम भोलापुर कदीम, तहसील बिलासपुर, जिला-रामपुर। हाल निवासी ग्राम खौंदलपुर, तहसील बिलासपुर, जिला-रामपुर। .......विपक्षी

**सूचना बनाम मनजिन्दर सिंह**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/वादी मनजिन्दर सिंह पुत्र हरदेव सिंह निवासी ग्राम भोलापुर कदीम, तहसील बिलासपुर, जिला-रामपुर हाल निवासी ग्राम खौंदलपुर तहसील बिलासपुर, जिला-रामपुर द्वारा न्यायालय में उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया गया है। तथा विपक्षी पर न्यायालय द्वारा नोटिस, सम्मन प्रेषित किया गया है, लेकिन विपक्षी पर नोटिस, सम्मन की तामील नहीं हो पा रही है। जिस कारण वाद में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। इस कारण प्रार्थी/वादी, विपक्षी पर तामीला हेतु समाचार पत्र में प्रकाशन कराना चाहता है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक-30.03.2026 नियत हुई है।

अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि विपक्षी व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता के माध्यम से 10 बजे सुबह न्यायालय श्रीमान जी में उपरोक्त दिनांक पर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे। उपरोक्त दिनांक के बाद किसी की कोई जवाब/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और प्रार्थना पत्र पर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 18.03.2026 ई0 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा सहित जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) रामपुर उ0प्र0**

# हैदराबाद रॉयल एग्जिबिशन में नवाब काजिम अली खान हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हैदराबादः** हैदराबाद में आयोजित रॉयल फेबल्स एडिट-3.0 ने शाही ठाठ और विरासत की झलक पेश की। इस भव्य एग्जिबिशन में भारत के विभिन्न शाही परिवारों के सदस्य शामिल हुए और ऐतिहासिक परंपराओं को आधुनिक क्रिएटिविटी के साथ दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।

इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहे नवाब कघजिम अली खान (रम्पुर), महारानी अंबिका राजे घोरपड़े (सांडुर), राजकुमारी मञ्जरी मिश्रा (अयोध्या), कन्वारनी कमिनी सिंह (सिओ. हरा), रानी जयकिर्ति सिंह (बारिया), दिग्विजय सिंह (अवागढ़), राजकुमारी रोहिणी सिंह गुप्ता (कची बड़ौदा) और भुमेंद्र पाल सिंह (अवागढ़)। एग्जिबिशन में शाही हस्तशिल्प, परिधान, आभूषण, पाककला और अन्य विरासत संबंधी प्रदर्शनियां प्रस्तुत की गईं, जिससे इतिहास और संस्कृति को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया। आयोजकों ने इसे शाही विरासत को आधुनिक दुनिया में जोड़ने और उसकी गरिमा को बनाए रखने का प्रयास बताया। इस अवसर पर आगंतुकों ने शाही परंपराओं की झलक और कलाकारों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। रॉयल फेबल्स का यह आयोजन शाही संस्कृति और भारत की ऐतिहासिक विरासत को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# भीमताल-रानीबाग मार्ग हादसे में रामपुर के युवक की मौत, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जताया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तराखंड के भीमतालख्ररानीबाग मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में रामपुर निवासी युवक यासीन की मौत पर रामपुर सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सांसद ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायल युवक के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की। जानकारी के अनुसार 16 मार्च 2026 को रामपुर निवासी यासीन अपने एक मित्र के साथ बाइक से भीमताल से लौट रहे थे। इसी दौरान रानीबाग के पास उत्तराखंड सरकार के एक अनियंत्रित वाहन ने बस को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में यासीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने एसएसपी फोन पर वार्ता कर मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सांसद के हस्तक्षेप के बाद एसएसपी के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

सांसद ने कहा कि सरकारी वाहन द्वारा नियमों का उल्लंघन कर ओवरटेक करना गंभीर लापरवाही है, जिसकी वजह से एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया। उन्होंने कहा, "यह अत्यंत दुखद घटना है। यासीन की पत्नी और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उत्तराखंड सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा दिलाना चाहिए। हम इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।"

सांसद ने उत्तराखंड सरकार और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि मृतक की विधवा पत्नी की स्थिति को देखते हुए मामले में दोषियों को कड़ी



सजा दी जाए और परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में जानकारी सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

